F.NO.-CSU-LKO/2026-2027/NSS/01/

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**

**लखनऊ परिसर, लखनऊ**

**सूचना-** 59 दिनांक-18.08.2026

**विषय: 'विशेष अभियान 6.0' के अन्तर्गत ई-वेस्ट (E-Waste) के प्रभावी संग्रहण, पृथक्करण एवं निस्तारण के सम्बन्ध में।**

परिसर के समस्त **छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के स्वयंसेवकों** को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय के निर्देशों के क्रम में **'विशेष अभियान 6.0'** का आयोजन **दिनांक 02 अक्टूबर 2026 से 31 अक्टूबर 2026** तक किया जाना है।

अभियान के अन्तर्गत विशेष रूप से **ई-वेस्ट (Electronic Waste) के प्रभावी संग्रहण, पृथक्करण एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निस्तारण** पर ध्यान केन्द्रित किया जाना है। अतः परिसर में अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री/ई-वेस्ट को निर्धारित स्थान पर एकत्रित करने, उसका पृथक्करण करने तथा उसके उचित निस्तारण हेतु जागरूकता एवं आवश्यक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

अतः परिसर के सभी सम्बन्धित जनों से अपेक्षा है कि-

1. अपने पास उपलब्ध अनुपयोगी **इलेक्ट्रॉनिक सामग्री/ई-वेस्ट** को सामान्य कूड़े के साथ न मिलाएं।
2. ई-वेस्ट को निर्धारित स्थान/व्यवस्था के माध्यम से जमा कराएं।
3. ई-वेस्ट के सुरक्षित एवं वैज्ञानिक निस्तारण के सम्बन्ध में आयोजित **जागरूकता कार्यक्रमों एवं गतिविधियों** में सक्रिय सहभागिता करें।
4. परिसर को स्वच्छ एवं ई-वेस्ट मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करें।

अभियान के अन्तर्गत आयोजित समस्त गतिविधियों का **फोटो, उपस्थिति एवं संक्षिप्त विवरण सहित प्रतिवेदन** तैयार कर निर्धारित माध्यम से समयबद्ध रूप से प्रेषित किया जाएगा। साथ ही, शासन/निर्देशानुसार सम्बन्धित गतिविधियों को **My Bharat Portal** पर Event Create कर दर्ज किए जाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी।

उक्त समस्त कार्यों के **समन्वय, निष्पादन, अभिलेखीकरण, प्रतिवेदन तैयार करने एवं निर्धारित माध्यम से प्रेषित करने तथा My Bharat Portal पर आवश्यक प्रविष्टि किए जाने का सम्पूर्ण दायित्व डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)** का होगा। वे उक्त कार्यों को **अधोहस्ताक्षरी से आवश्यक परामर्श एवं समन्वय स्थापित करते हुए** समयबद्ध रूप से सम्पादित करना सुनिश्चित करेंगे।

अतः सभी छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं NSS स्वयंसेवकों से अपेक्षा की जाती है कि वे **'विशेष अभियान 6.0'** को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता प्रदान करते हुए ई-वेस्ट के उचित संग्रहण, पृथक्करण एवं निस्तारण के प्रति जागरूकता का प्रसार करना चाहेंगे।

**"ई-वेस्ट का सही संग्रहण – स्वच्छ एवं सुरक्षित परिसर की पहचान।"**

(प्रो. सर्वनारायण झा)
निदेशक

प्रतिलिप-

1. उपर्युक्त सभी को सूचनार्थ।
2. कार्यालय सूचना संचिका।
3. एनएसएस, लखनऊ परिसर के सभी कार्यक्रम अधिकारीयों को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ।
4. आईक्यूएसी समन्वयक प्रति।
5. निदेशक कार्यालय प्रति।
6. वेबसाइड पर अपलोड हेतु।

निदेशक